**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर।**

| | | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 6 | (क) | क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज व झांसी मण्डल के सभी जनपदों में नये बस अड्डे खोलने की सरकार के पास कोई योजना है ? | प्रयागराज मण्डल के समस्त जनपद बस अड्डे से सेवित है। अत: फिलहाल नए बस अड्डे खोलने की कोई योजना नही है।<br>झांसी मण्डल के 03 जनपदों में बस अड्डे की स्थिति निम्नवत है, उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई बस अड्डा खोलने की योजना नहीं है :-<br>1- जनपद झांसी में जिला मुख्यालय पर नगर निगम द्वारा बस स्टेशन संचालित किया जा रहा है, जिससे निजी बसों के साथ-साथ उ0प्र0 परिवहन निगम की बसें भी संचालित होती है। जनपद मुख्यालय के कोछाभावर मौजा में नगर निगम झांसी द्वारा 07 एकड़ भूमि बस स्टेशन के निर्माण हेतु 30 वर्ष की लीज पर दिये जाने का निर्णय लिया गया है।<br>2- जनपद जालौन के जिला मुख्यालय उरई में नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित बस स्टेशन में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसें संचालित होती है। उक्त के अतिरिक्त नगर पालिका परिषद जालौन के अन्तर्गत उ0प्र0 परिवहन निगम का नवीन बस स्टेशन निर्माणाधीन है।<br>3- ललितपुर के जिला मुख्यालय पर बस स्टेशन निर्माणाधीन है। |
| | (ख) | यदि हाँ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| | (ग) | यदि नहीं, तो क्या कोई कार्य योजना बनवाते हुए उक्त मण्डल के सभी जनपदों में नये बस अड्डे खुलवायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| | (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।